<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–20 जून 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- विश्व सिकल सेल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा इस बीमारी पर काबू पाने के लिये सरकार प्रतिबद्ध।
- अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियां तेज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशभर में भव्य आयोजन करने के दिये निर्देश।
- गड़बड़ी की आशंका पर यूजीसी नेट– जून दो हजार चौबीस निरस्त। शिक्षा मंत्रालय ने दिये सीबीआई जांच के आदेश।
- आंधी–बारिश से प्रदेश के कई जिलों में भीषण गर्मी से मिली राहत। मौसम विभाग ने जताया अनुमान, तेइस से पच्चीस जून के बीच पूरे प्रदेश में दस्तक देगा मानसून।

**********

विश्व सिकल सेल दिवस के मौके पर कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार इस बीमारी पर काबू पाने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि वे इस आनुवांशिक रक्त विकार के बारे में जागरूकता पैदा करने जैसे अन्य पहलुओं पर भी काम कर रहे हैं।

सिकल सेल रोग शरीर में रक्त को प्रभावित करने वाली बीमारी है। इस रोग के कारण रक्त कोशिकाओं के भीतर हीमोग्लोबिन का स्तर प्रभावित होने लगता है। लखनऊ के एसजीपीजीआई के हेमटोलॉजी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर संजीव यादव ने सिकल सेल रोग पर जानकारी देते हुए कहा कि भारत के ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में इस बीमारी का प्रभाव ज्यादा देखा जाता है। इससे बचाव के लिए जागरुकता जरुरी है।

***सिकल सेल डे सबसे कॉमन जेनेटिक रक्त संबंधी बीमारी है और रेपिड सेकेंड लारजेस्ट नम्बर ऑफ सिकल सेल पेशेन्ट इस कन्ट्री में जिसमें की मेनली एयर ट्राइबल पालुलेशन में ज्यादा है। इस बीमारी को खत्म करने का सरकार ने 2047 तक संकल्प लिया है और इसलिये बीमारी के अवरनेस की बहुत जरूरत है। सिकल सेल में यूजली पेशेन्ट जो होते है उनको ज्वाइंट में पेन होना स्टार्ट होता है। इस चीज को हम मेथोकोजिक क्राइसेस बोलते है, आगे चलके उनके बाकी आर्गनस भी धीरे–धीरे अफेक्ट होने लगते है। स्पेशली किसी भी प्राबलम्ब ज्वाइंट की प्राबलम और आंखों की प्राबलम्ब सबसे कॉमन होती है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में कल भव्य आयोजन के निर्देश दिये हैं। इसी क्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये प्रदेश के खण्ड विकास अधिकारियों को योग दिवस पर वृहद कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। वहीं योग दिवस से पहले प्रदेश भर में योग सप्ताह के अंतर्गत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

अमरोहा में योग सप्ताह के अंतर्गत शासन द्वारा कल संयुक्त ज़िला अस्पताल में योग सत्र का आयोजन किया गया। इसमें ज़िलाधिकारी समेत अन्य प्रशासनिक और चिकित्सा अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया।

वहीं बदायूँ में योग सप्ताह के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य–योग विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। फ़तेहपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से चार सौ नौ इंटर कॉलेज और लगभग छिहत्तर डिग्री कॉलेजों में योगाभ्यास कराया जा रहा है। गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में भी योग सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

हमारे विभिन्न प्रतिनिधियों ने योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षकों से बात की और योग से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी ली।

***योग हमारे जीवन को सुखमय बनाने का सुन्दर विकल्प है, हम हमारी आत्मा शरीर और मन सुदृढ़ होकर के एक दिशा में काम करते हैं, तब हमारे जीवन में योग घटित होता है।***

***योग के जो साधक है उनके अंदर सबसे पहले जो भारी भरकम या वो धीरे–धीरे सरलता के साथ हल्के होना शुरू हो जाता है, उनके चेहरे पर प्रसन्नता के भाव होते है, उनके जो मद है उनका निष्कासन शुरू हो जाता है इसलिये हीकलप्लास्ट आपके शारीरिक, मानसिक आध्यात्मिक और सामाजिक समाज को स्वास्थ रखने के लिये आप नित्य दिन अभ्यास करे आप सभी लोगों को कहना चाहूंगा की रोजनाना योग करे। योग करेंगे तो निरोग रहेंगे, खुश रहेंगे। इसका ये हमारा लगातार इस बार की भी तैयारी शुरू हो चुकी है और हम लोग डिपार्टमेंट में पूरी तरीके से जागरूक है। डिपार्टमेंट में इस बार योग दिवस को बहुत कामयाबी के साथ सफलता पूर्वक मना पाये, उसक लिये 21 जून 2022 से लगातार अखंड योग का एक सेशन हम लोगों का लगातार चल रहा है।***

**********

शिक्षा मंत्रालय ने देश के तीन सौ सत्रह शहरों में अट्ठारह जून को आयोजित हुयी यूजीसी नेट रद्द कर दी है। मंत्रालय ने कल कहा कि परीक्षा में गड़बड़ी की जानकारी मिलने के बाद यह फैसला किया गया है और सीबीआई जांच के आदेश दिये गये हैं। परीक्षा जल्द ही फिर से आयोजित की जायेगी। मंत्रालय के मुताबिक यूजीसी को राष्ट्रीय साइबर अपराध इकाई से कुछ सूचनायें मिली थी, जो यह संकेत दे रहीं थी कि परीक्षा में गड़बड़ी हुयी है। इस परीक्षा में ग्यारह लाख इक्कीस हजार से अधिक पंजीकृत उम्मीदवारों में से करीब इक्यासी प्रतिशत उम्मीदवार उपस्थित हुए थे। यूजीसी–नेट हर साल दो बार जून और दिसम्बर में आयोजित किया जाता है।

**********

पूर्वांचल समेत प्रदेश के कई अन्य जिलों में बीती रात से आंधी और बारिश का दौर शुरू होने से लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के कई जिलों में बूंदाबांदी  जारी रहेगी। कानपुर के चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस. एन. सुनील पांडेय ने बताया कि आज से पूर्वी हवाएं उत्तर प्रदेश में दस्तक देंगी। इससे मौसम में बदलाव होगा और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

प्री मानसून की बारिश बाइस जून से शुरू होने की उम्मीद है। तेइस से पच्चीस जून के बीच मानसून पूरे उत्तर प्रदेश में दस्तक दे देगा। मानसून के सक्रिय होते ही तेज़ बारिश होने की संभावना है।

हालांकि प्रदेश के पश्चिमी जिलों में अगले दो–तीन दिनों तक भीषण गर्मी जारी रह सकती है। लखनऊ मौसम केंद्र की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, कानपुर शहर, कानपुर देहात, लखीमपुर खीरी, झांसी, आगरा समेत कई इलाकों में अगले तीन दिनों तक हीटवेव का कहर जारी रहेगा। अधिकतम तापमान चालीस से छियालीस डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान तीस से बत्तीस डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का पूर्वानुमान है।

**********

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट का लाइसेंस साढ़े चार वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। अब तक डीजीसीए ने इस एयरपोर्ट को छः महीने का लाइसेंस जारी किया था। एयरपोर्ट के निदेशक विनोद कुमार ने जानकारी दी कि अब भी रोज़ाना लगभग चार हज़ार यात्री इस एयरपोर्ट से आवागमन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उड़ानों की संख्या में कोई कमी नहीं की गई है। उधर, लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें अब टर्मिनल–तीन से संचालित होंगी।  अट्ठारह जून की रात बारह बजे के बाद से सभी अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को टर्मिनल–तीन पर शिफ्ट कर दिया गया है। एयरपोर्ट प्रशासन ने इंटरनेशनल उड़ानों को ग्यारह जून को टर्मिनल–तीन पर शिफ्ट करने का आदेश दिया था, लेकिन उस समय इस आदेश को अमल में नहीं लाया जा सका था। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार, अब सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ान टर्मिनल–तीन से ही होंगी। वहीं, वाराणसी स्थित लाल बहादुर शास्त्री अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को विकसित करने के लिये भी मंजूरी मिल गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हवाई अड्डे को विकसित करने के भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के प्रस्ताव को मंजूरी दिये जाने पर आभार जताया है। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने कहा कि दो हजार आठ सौ उनहत्तर करोड़ रूपये की लागत से इस अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का विकास काशी सहित पूरे उत्तर प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगा।

**********

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। भारतीय न्याय संहिता दो हजार तेइस स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं को अनावश्यक उत्पीड़न से बचाता है। नये आपराधिक कानूनों में एक पंजीकृत चिकित्सक को चिकित्सीय लापरवाही के लिये दो साल तक की कैद और जुर्माने से दंडित करने का प्रावधान किया गया है। किसी भी चिकित्सा प्रक्रिया को निष्पादित करते समय जल्दबाजी या लापरवाही से मौत के मामलों में जिम्मेदार चिकित्सकों के लिये बी.एन.एस. कम सजा का प्रावधान करता है।

बीएनएस की धारा 51 के अनुसार चिकित्सक को बिना किसी देरी के आरोपी की जांच रिपोर्ट जांच अधिकारी को भेजनी होगी। दुराचार के मामलों में पीड़िता की मेडिकल जांच की रिपोर्ट पंजीकृत मेडिकल प्रैक्टिशनर को सात दिनों की अवधि के भीतर जांच अधिकारी को भेजना अनिवार्य होगा। बीएनएस की धारा 52 में नमूने के दूषित होने और उसकी उपयोगिता में कमी की संभावना को रोकने के लिये बिना किसी देरी के नमूने को जांच के लिये भेजने पर जोर दिया गया है।

**********